तापमान
अधिकतम 39.8 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 28 मई, 2025

11 बीएमयू में भारतीय ज्ञान परंपरा पर संगोष्ठी




12 बदमाशों और सीआईए के बीच मुठभेड़ चार घायल



## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- डीसी धर्मेंद्र सिंह सुनेंगे आमजन की समस्याएं।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### सांपला में स्कूल के पास मिला व्यक्ति का शव

**सांपला।** पुलिस ने मंगलवार सुबह खंड शिक्षा कार्यालय के पास एक शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीजीआई रोहतक डेढ हाउस में भेज दिया। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव स्कूल के पास पड़ा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबको कब्जेमें लेकर पहचान करने के लिए आसपास के लोगों से पहचान करने का प्रयास किया। लेकिन पहचान नहीं हो पाई। मृतक की उम्र करीब 50-52 के करीब बताई गई। कुर्ता पजामा पहना हुआ है। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं बताया गया।

### युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया

**रोहतक।** सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि रोहतक लाखनमाजरा रोड की तरफ जा रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान चंकित उर्फ अंकित निवासी लाखनमाजरा के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी कट्टा व एक रौंद बरामद हुआ है।

### चोरी करने के तीन आरोपी पकड़े

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी हर्ष की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। सामने आया कि हर्ष अपने मकान का निर्माण कर रहा है। 16 मई को दोपहर के समय अज्ञात युवक घर के अंदर से पानी की मोटर व अन्य सामान चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 26 मई को आरोपी सचिन निवासी तुम्बा हेडी झज्जर हाल सुनारिया चौक, राजु निवासी ईंयार, बिहार हाल हिसार बाईपास, रोहतक व बिजेन्द्र निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया गया है।

### एसएस जैन सभा का दीक्षांत समारोह 5 को

**रोहतक।** एसएस जैन सभा जनता कॉलोनी के नेतृत्व में जैन भागवती दीक्षा समारोह का आयोजन 5 जून को होगा। कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन सभागार वैश्य कॉलेज कॉमप्लेक्स में किया जाएगा। सभा प्रवक्ता विवेक जैन ने बताया कि प्रातः छह बजे तिलक रस्म, सात बजे कलश के साथ शोभायात्रा शुरू होगी। ये नौ बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। दीक्षा मंत्र का समय 11:00 निर्धारित किया गया है। इससे कार्यक्रम की शुरुआत 28 मई से केसर की रस्म के साथ होगी।

### चोरी की बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने दो युवकों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि युवक चोरी की बाइक सहित सांपला से इस्माइला की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर कुलताना चौक फ्लाईओवर के पास नाकाबंदी करते हुए सांपला की तरफ से आ रहे युवकों को काबू किया गया। युवकों की पहचान अमित व आदेश निवासी गांव औरंगाबाद, हाल नवीन कॉलोनी, सांपला के रूप में हुई। जांच में आरोपियो से चोरी की बाइक मिली है।

महम के गांव अजायब में दोपहर 12 बजे सनसनीखेज वारदात

# घर में घुसी नकाबपोश महिला, मां से दो महीने का बच्चा छीना, पानी के ड्रम में डुबोकर मार डाला

- करीब एक बजे पड़ोस में रहने वाली चाची घर आई तो बच्चे की मां बेसुध अवस्था में पड़ी मिली
- कुछ दिन पहले काटे गए थे बच्चे के बाल, परिजनों ने जादू टोने के चक्कर में हत्या की आशंका जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कस्बा महम के गांव अजायब में मंगलवार को दर्दनाक घटना सामने आई है। दो माह के बच्चे का शव पानी से भरे ड्रम में मिला। जबकि पास ही उसकी मां बेसुध अवस्था में पाई गई। महिला को उपचार के लिए पीजीआई भर्ती कराया गया है। परिवार का आरोप है कि घर में घुसी एक नकाबपोश महिला ने बच्चे की मां को धक्का देकर गिराया, जिससे वह बेहोश हो गई और इसके बाद महिला बच्चे को ड्रम में फेंककर फरार हो गई। परिजनों ने आशंका जताई कि कि जादू टोने के चक्कर में बच्चे की हत्या की गई है। उनका आरोप है कि कुछ दिन पहले ही बच्चे के सिर के बाल कटे मिले थे। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।



रोहतक। बच्चे की मांग को पीजीआई लेकर आए परिजन।

**पर्ची से गहराया शक**

परिजनों का आरोप है कि एक सप्ताह पहले बच्चे के सिर में से कुछ बाल भी काटे गए थे। तीन से चार कैंची बालों में मारी गई थी। साथ ही आज चारपाई पर एक पर्ची भी मिली है, जिस पर वास्तु विशेषज्ञ लिखा है। उन्हें शक है कि किसी ने जादू टोने के लिए बच्चे की हत्या की है।

**जांच कर रहे**

महिला घर में बेसुध पड़ी मिली है। जबकि बच्चे का शव पानी से भरे ड्रम में था। परिवार ने किसी और महिला पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। महिला के बयान दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। अभी महिला अस्पताल में उपचाराधीन है।

*-सत्यपाल सिंह, एसएचओ, महम*

**सास-पति घर नहीं थे, बच्चे के साथ अकेली थी प्रियंका**

महिला के जेठ प्रदीप ने बताया कि उसका भाई मोहित इन्वर्टर बैटरी की दुकान पर काम करता है। मां आंगनबाड़ी वर्कर है। दोनों सुबह काम पर चले गए थे। घर पर प्रियंका उर्फ खुशबू अपने बच्चे जैविक के साथ घर पर मौजूद थी। इसी बीच दोपहर करीब 12 बजे एक अज्ञात महिला मुंह पर कपड़ा बांधकर मकान में घुसी और प्रियंका से बच्चा छीनने की कोशिश की। उसने प्रियंका को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। प्रियंका नीचे गिरने पर बेहोश हो गई। इसके बाद महिला ने बच्चे को ड्रम में डुबोकर मार दिया और मौके फरार हो गई।

**दर्दनाक**

**काफी तलाशने के बाद मिला बच्चा**

दोपहर करीब 1 बजे पड़ोस में रहने वाली चाची संतोष मोहित के घर पहुंची तो उसे प्रियंका जमीन पर बेहोश अवस्था में मिली। इसके बाद उन्होंने फोन कर मोहित और परिजनों को सूचना दी। प्रदीप का कहना है कि प्रियंका बेहोश पड़ी थी, जबकि बच्चा मिल नहीं रहा था। आसपास बच्चे की तलाश की गई, लेकिन बच्चा कहीं नहीं मिला। आस-पड़ोस में भी खोजा। करीब एक घंटे बाद जब ड्रम में देखा तो उसमें बच्चा डूबा हुआ था। ड्रम में पानी आधे से भी कम था, जिसके कारण बच्चा दिखाई नहीं दे रहा था। इसके बाद उन्हें पीजीआई लेकर पहुंचे थे।

# नहर में डूबने से नाबालिग की जान गई, दोस्तों के साथ नहाने गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेएलएन नहर के पास दोस्तों के साथ घूमने गया नाबालिग लड़का जेएलएन में डूब गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान 17 वर्षीय श्रवण निवासी फतेहपुर कॉलोनी के रूप में हुई है। वह अपने दोस्त दीपेंद्र, अर्पित और सोहित के साथ नहर पर घूमने गया था। दोपहर को दीपेंद्र ने घर आकर सूचना दी कि श्रवण नहर में डूब गया है। उसे पीजीआई लेकर गए हैं। इस सूचना पर परिजन पीजीआई पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि श्रवण की मौत हो चुकी है। श्रवण के परिजनों का कहना है कि वह दोस्तों के साथ नहर पर गया था। इस दौरान एक दोस्त ने श्रवण को नहर में नहाने के लिए कहा। श्रवण ने मना किया कि उसे तैरना नहीं आता। लेकिन दोस्त नहीं माना और उसे नहर में अंदर ले गए। इस दौरान उसका श्रवण डूब गया।



रोहतक। पीजीआई में विलाप करते किशोर के परिजन।

**परिजन बोले मामले की जांच होनी चाहिए**

परिजनों ने कहा कि मामले की जांच होनी चाहिए। वहीं आईएमटी पुलिस का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि श्रवण कुमार निवासी फतेहपुर कॉलोनी की डूबने से मौत हो गई है। पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की जांच की जा रही है।

# मकड़ौली टोल के पास युवक पर चाकू से हमला किया

- देर रात वारदात, तीन युवकों पर हमला करने का आरोप
- आस-पास के लोगों ने घायल युवक को पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मकड़ौली टोल के पास चाय की दुकान पर 3 आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस दौरान आस-पास के लोगों ने घायल युवक को पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। जहां युवक का उपचार चल रहा है। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। गांव मकड़ौली कलां निवासी नवीन ने बताया कि उसके भतीजे मोहित की मकड़ौली टोल के पास चाय की दुकान है।

देर रात करीब 11 बजे 3 युवक आए और उसके भतीजे पर चाकुओं से हमला कर उसे जान से मारने की कोशिश की। हमले में उसका भतीजा मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीजीआई में घायल मोहित ने बताया कि उसके खोखे पर गांव खरावड़ निवासी बच्ची, लक्की व सुनील निवासी शिमली ने चाकू मारे हैं। तीनों आरोपियों ने किस रंजिश के कारण चाकुओं से हमला किया, यह नहीं पता। आरोपियों ने आते ही अचानक उस पर हमला किया था, जिसके कारण वह संभल नहीं पाया।

**केस दर्ज, जांच शुरू**

एक युवक पर चाकू से हमला की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस पीजीआई पहुंची और घायल युवक की शिकायत पर 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले में तीनों आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

*-बलराज, एसआई, सदर थाना*

# डीएपी खाद नहीं मिलने से किसानों को हो रही परेशान

**सांपला।** जिले में इन दिनों ज्वार बाजरा कपास मूंग दाल व अन्य खरीफ की बिजाई का सीजन आ गया है, लेकिन किसानों को जरूरत के अनुसार डीएपी खाद नहीं मिल रहा। इस कारण वे परेशान हैं। मंगलवार को भी किसान डीएपी डीएपी खाद आने की खबर मिलते ही दर्जनों किसान प्राइवेट दुकानों पर पहुंच गए, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ा। किसान प्रेम प्रसाद , हवा सिंह, जसवीर मलिक अटायल, राजा खत्री इस्माईला ने बताया कि बुआई के समय पर हर साल खाद की किल्लत हो जाती है। किसानों ने कहा कि सरकार समय रहते खाद का स्टाक नहीं करती जिसके चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ती है। किसानों ने मांग की है कि उन्हें जरूरत के अनुसार डीएपी उपलब्ध करवाया जाए ताकि समय पर फसल की बुवाई हो सके। उन्होंने कहा कि न तो सहकारी समितियों में खाद मिल रही और न ही निजी दुकानों में पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है। हाल में खरीफ फसल बिजाई का समय है। धान की फसल में भी डीएपी की जरूरत है।

# सिंहपुरा में 12.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़, सीवरेज सिस्टम उखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला के गांव रोहतक व सिंहपुरा में लगभग 12.5 एकड़ में विकसित की जा रही 4 अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा अवैध कालोनी व निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा।

इस अभियान के दौरान रोहतक व सिंहपुरा गांव में लगभग 12.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही 4 अवैध कॉलोनी में एक चारदीवारी, 10 नींव, सीवरेज सिस्टम, टाइल रोड नेटवर्क व कच्चा रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी व निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है।



रोहतक। अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ करती मशीन।



सीवरेज सिस्टम उखाड़ती जेसीबी

**यहां न करें निवेश, गंवानी पड़ सकती है पूंजी**

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वह अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें। क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं। ऐसी जगह जमीन खरीदने पर जमा पूंजी गंवानी पड़ सकती है।

**पहले दिए गए थे नोटिस**

अधिकारियों ने बताया कि जहां अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। वहां पूरी नजर रखी जा रही है। मकान मालिकों की जानकारी लेकर उनको नोटिस थमाए जा रहे हैं। विभाग का दावा है कि आगे भी प्रशासन की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

ढाई साल से चुनावी खर्च का ब्योरा नहीं देने पर कार्रवाई

# जिला परिषद के वार्ड नंबर 11 की पार्षद दीपिका भी अयोग्य घोषित, 7 की सीमा पहले ही अपात्र

- चुनाव खर्चे के बिल अढ़ाई साल पहले की तारीखों में दिए तो फंसेंगी फर्म, आपस में शिकायत करने से नहीं चूकेंगे चौधरी
- जिप चुनाव लड़ने वाली 22 महिलाओं ने अपना-अपना खर्चा रजिस्टर जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को जमा नहीं करवाया

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

जिला परिषद के सदस्य राज्य निर्वाचन आयोग को भी कुछ नहीं समझ रहे हैं। वार्ड नंबर 7 की पार्षद सीमा को पिछले दिनों डीसी ने पद से अयोग्य घोषित किया था। जिस सूची में सीमा का नाम था, उसी लिस्ट में वार्ड नंबर 11 की पार्षद दीपिका का नाम 22वें नंबर पर है। सीमा 16वें स्थान पर थी। कुल मिलाकर जिला परिषद की दो महिला पार्षद अब अयोग्य घोषित हो गई हैं। इन दोनों ने डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा तय समय में नहीं दिया। इन दोनों के अलावा जिला परिषद का चुनाव लड़ने वाले 49 उम्मीदवार और हैं, जिन्होंने खर्चा रजिस्टर निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा नहीं करवाया। 49 में से अकेली 22 महिलाएं हैं। यहां ये भी ध्यान रहे कि चुनी हुई महिला प्रतिनिधियों की चौधर उनके घरवाले करते हैं। और इन घरवालों की वजह से ही जिला परिषद की दो सदस्य अयोग्य घोषित हो गई हैं। अगर पुरुष रिश्तेदारों ने समय से चुनाव खर्चा रजिस्टर निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा करवा दिया होता तो आज डिसक्वालीफाई होने की नौबत ही नहीं आती।

**पार्षदों के घरवाले पद बचाने के लिए काट रहे चक्कर**




अब जब सदस्यों की उम्मीदवारी पर ही डीसी ने सवाल खड़े कर दिए हैं तो इन महिला पार्षदों के घरवाले अधिकारियों के यहां पद बचाने की खातिर चक्कर काट रहे हैं। अधिकारियों ने भी दो टूक कह दिया है कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के तहत जो भी कानूनी कार्रवाई करनी होती है, उसके मुताबिक ही वे अपनी कलम चलाएंगे। डीसी द्वारा डिसक्वालिफाई करने के बाद रोहतक के मंडलायुक्त को पद बचाने की अपील का प्रावधान पंचायती राज अधिनियम में है। अगर मंडलायुक्त उम्मीदवारों के दस्तावेजी तर्कों से सहमत नहीं होता है तो फिर अगली अपील राज्य निर्वाचन आयोग के कमिश्नर को करनी पड़ेगी। खुदा ना खास्ता राज्य निर्वाचन आयोग के कमिश्नर भी अपील को ठुकरा दे तो फिर ये मानकर चलें कि पद से हाथ से गया। दोबारा उप चुनाव होगा तो भी दीपिका और सीमा चुनाव नहीं लड़ पाएंगी।क्योंकि इन्हें पांच साल के चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। ये तारीख उस दिन से मानी जाती है तो जिस दिन डीसी ने इन दोनों को अयोग्य घोषित किया है।

**पिछली तारीखों के बिल कौन बनाकर देगा**

पद बचाने के लिए दोनों पार्षद हर प्रकार से हाथ-पांव मार रहे हैं। खर्चा रजिस्टर अब तैयार करेंगे तो भी इनका फंसना तय है। क्योंकि लगभग अढ़ाई साल पहले खर्चे के बिल अब मई 2025 में कौन बनाएगा। पक्के बिल खर्चा रजिस्टर में लगाने होते हैं। और कोई भी फर्म बैक डेट के बिल जीएसटी वगैरह लगाकर इस समय कैसे पार्षदों को उपलब्ध करवाएंगे। कुल मिलाकर एक गलती पर अगर दूसरी गलती की तो फिर दोहरी मार पड़ना भी तय है। यहां ये भी ध्यान रहे कि जिला परिषद कुटिल राजनीति का बड़ा अखाड़ा है। पिछले दिनों गुटों में बंटे पार्षदों के बीच खूब राजनीतिक घमासान मचा था। ऐसे में पार्षदों को एक दूसरे की थोड़ी सी भी गलती मिली तो वे उसकी शिकायत प्रशासन को करने से चूकेंगे नहीं।

**कानूनी राय ले रहे**

कानून विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। जल्द ही डीसी के फैसले को लेकर रोहतक के मंडलायुक्त को अपील की जाएगी। चुनाव के दौरान ज्यादा व्यस्त होने के कारण खर्चा रजिस्टर जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को जमा नहीं करवाया जा सके।

*-दीपिका,पार्षद वार्ड नंबर 11 जिला परिषद रोहतक*

**ये भी जानें**

हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 30 दिन के अंदर उम्मीदवारों को चुनाव खर्चा ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत कार्यालय को देना होता है। चुनाव प्रोसेस के दौरान भी प्रत्याशी अपने खर्चे की जानकारी दे सकता है। इसके लिए बकायदा नोडल अधिकारी/ कर्मचारी नियुक्त किए जाते हैं। ताकि चुनाव की गरिमा बनी रहे। राज्य निर्वाचन आयोग तय करता है कि उम्मीदवारों को कितना पैसा अपने चुनाव प्रचार पर खर्च करना है।

# एमडीयू: बीएससी सांख्यिकी में दाखिला प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 12वीं के बाद बीएससी सांख्यिकी (4-वर्षीय) स्नातक कार्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। यह रोजगार परक कोर्स विद्यार्थियों को गणितीय और सांख्यिकीय तकनीकों में दक्ष बनाकर उन्हें सरकारी, निजी, और अनुसंधान क्षेत्रों में उत्कृष्ट करियर के लिए तैयार करता है। सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक ने बताया कि यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार किया गया है और इसमें उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, आर्थिक विश्लेषण तथा सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण जैसे आधुनिक विषयों को शामिल किया गया है। कोर्स विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि उन्हें अनुसंधान और व्यावहारिक परियोजनाओं के माध्यम से वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने की क्षमता भी देता है। उन्होंने बताया कि निजी कंपनियों, स्टार्टअप्स और बहुराष्ट्रीय संस्थानों में डेटा विश्लेषकों की मांग है। अन्य संस्थानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। बैंक, बीमा कंपनियां और शेयर बाजार विश्लेषक के रूप में सांख्यिकी विशेषज्ञों को नियुक्त करते हैं।

**आधुनिक तकनीकी उपकरणों से परिचित कराता है कोर्स**

प्रो. एससी मलिक ने बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को पारंपरिक सांख्यिकीय सिद्धांतों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी उपकरणों से परिचित कराता है। पाठ्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख घटकों को शामिल किया गया है: सांख्यिकीय विश्लेषण की मूलभूत और उन्नत तकनीकगणितीय मॉडलिंग और प्रायिकता सिद्धांत कंप्यूटर आधारित सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण डेटा विजुअलाइजेशन और रिपोर्ट लेखन परियोजना कार्य और इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक अनुभवमशीन लर्निंग और डेटा साइंस की बुनियादी जानकारीयह कोर्स न केवल छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करता है, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा और अनुसंधान की दिशा में भी प्रेरित करता है। कोर्स पूरा करने के बाद विद्यार्थियों के सामने रोजगार और शिक्षा के मार्ग खुल जाते हैं।



प्रो. एससी मलिक



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

लाइफ Style



# नोरा
## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉड्र्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।




# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से



बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।



# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।

# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।



**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।

**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।


**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।



### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा

साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर




इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

## खबर संक्षेप

### 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा



प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में गत 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अब 12 जुलाई को आयोजित की जाएगी। डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि नागरिकों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर में किया जाएगा।



### जेठ मास की बड़ अमावस्या पर किया पौधरोपण

**रोहतक।** जेठ मास की बड़ अमावस्या पर अग्रवाल वैश्य समाज महिला विंग द्वारा भारती कन्या स्कूल में पौधरोपण व स्कूल के बच्चों में फल और शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया। महिला ज़िलाध्यक्ष बृजबाला गुप्ता ने बताया कि गर्मी बहुत अधिक है पक्षी बेजुबान जीव है सभी अपने घर की छत पर पानी के सकोरे भर कर रखे अब स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां भी हो गई है। बच्चों को प्रेरित करें उनके हाथों से सकोरो में पानी डलवाएं। कार्यक्रम का संयोजन सीमा कमल व सीमा गुप्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पूजा गुप्ता, मोनिका बंसल, रेणु, योगेश गुप्ता, निधि, रीतू , सीमा, सीमा गुप्ता, पूजा गर्ग, हर्ष रहे।

### अवैध मकानों को करवाएं नियमित

**रोहतक।** अनाधिकृत कॉलोनी, कब्जे व निर्माण के विरुद्ध तोड़-फोड़ अभियान लगातार जारी रहेगा। जिला नगर योजनाकार एवं नगर निगम द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी व निर्माण के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया जाए। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में अनाधिकृत कॉलोनियों व अनाधिकृत ढांचों को गिराने के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला नगर योजनाकार से अनाधिकृत कॉलोनी व निर्माण को गिराने के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी ली।

### सरकार दे रही महान संतों को सम्मानः डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने राज्य सरकार की योजना के तहत 30 मई को पहरावर में आयोजित किए जाने वाले भगवान परशुराम जयंती समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई 'संत महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' सांप्रदायिक सद्भावना एवं शांति के संदेश तथा संतों एवं महापुरुषों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## भारत की ज्ञान परम्परा है अनादि : प्रो. एचएल वर्मा

# बीएमयू में भारतीय ज्ञान परम्परा के वैश्विक पुनरुत्थान के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

डॉ. नीरज खरे ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों, विद्वानों और प्रतिभागियों का अभिनंदन किया




**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर मंच पर उपस्थित प्रतिष्ठित विद्वान, विशेषज्ञ और अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय एवं भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय में हुआ। संगोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान परम्परा था। विश्वगुरु भारत के लिए नाथ योगिक अंतर्दृष्टि और आयुर्वेदिक ज्ञान, जिसमें प्रतिष्ठित विद्वानों, विशेषज्ञों और अध्यापकों ने सहभागिता की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एचएल वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा अनादि है, जिसका वैश्विक महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना प्राचीन काल में था। हमारे योग, आयुर्वेद, दर्शन और नाथ परम्परा ने समूचे विश्व को जीवन जीने की कला सिखाई है। हमें विश्वगुरु बनने के लिए अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गहराई से जुडऩा होगा। प्राचीन शिक्षा प्रणालियां जैसे तक्षशिला और गुरुकुल की व्यवस्था हमारे गौरव का प्रतीक थीं।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय महेन्द्रगढ़ के प्रबंधन विभाग के प्रो. आनंद शर्मा,ने भारतीय प्रबंधन पद्धतियों में योग और ध्यान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय प्रबंधन में योग और ध्यान के सिद्धांत सदियों से सफल नेतृत्व और संतुलित निर्णय के आधार रहे हैं। हमें इन्हें आधुनिक कॉर्पोरेट व्यवस्थाओं में भी शामिल करना चाहिए, ताकि संगठनात्मक स्तर पर भी मानसिक शांति और कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सके। गणपति संगठन मंत्री हरियाणा, पंजाब व दिल्ली (भारतीय शिक्षण मंडल) ने उपस्थित होकर संगोष्ठी की गरिमा को बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षण मंडल का उद्देश्य भारतीय ज्ञान, संस्कार और संस्कृति को पुनर्जीवित कर शैक्षिक व्यवस्था में स्थापित करना है। नाथ योग और आयुर्वेद हमारे आत्मिक और शारीरिक स्वास्थ्य के अद्भुत स्रोत हैं, जिन्हें आधुनिक पीढ़ी तक पहुँचाना अनिवार्य है। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. नीरज खरे ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों, विद्वानों और प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। सह-संयोजक डॉ. विक्रम मुंडे, भारतीय शिक्षण मंडल, संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि यह आयोजन भारतीय शिक्षा और ज्ञान परम्परा को नई दिशा देने का प्रयास है। संगोष्ठी सचिव डॉ. जगदीश भारद्वाज (निदेशक, गोरखनाथ पीठ) ने विषय प्रवर्तन करते हुए नाथ परंपरा की वैज्ञानिकता व आध्यात्मिक गहराई पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्वगुरु भारत के पुनरुत्थान का आधार बताया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में डॉ जे के शर्मा ने मुख्य वक्ताओं, अतिथियों विद्यार्थियों को भारतीयों अन्य सहयोगियों का आभार प्रदर्शन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। संगोष्ठी का मंच संचालन डॉ. सुमन राठी ने किया।

### नाथ परम्परा के योगदान पर की चर्चा

हिंदी विभाग के प्रो. बाबूराम ने भारतीय साहित्य में नाथ परम्परा के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि नाथ पंथ की साहित्यिक परंपरा अद्भुत है। गोरखनाथ, चौरंगीनाथ और अन्य सिद्ध महापुरुषों की रचनाएं भारतीय काव्य और दर्शन को समृद्ध करती हैं। इन्हें आधुनिक युवाओं तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। विशिष्ट वक्ताओं में वैद्य सत्यप्रकाश ने नाड़ी परीक्षण की प्राचीन विधियों के वैज्ञानिक पहलुओं पर कहा कि नाड़ी परीक्षण एक अत्यंत सूक्ष्म और गहन पद्धति है, जिसमें शरीर के भीतर चल रही गतिविधियों को अनुभव किया जाता है। आधुनिक विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में इसकी व्याख्या करना आवश्यक है, ताकि इसके वैज्ञानिक आधार को समझाया जा सके।

### नाथ योग की साधना पद्धतियों पर प्रकाश डाला

मुख्य वक्ता डॉ. रवि प्रकाश ने नाथ योग की साधना पद्धतियों और उनके स्वास्थ्य लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नाथ योग केवल आसनों और प्राणायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्म-उन्नति, मानसिक स्थिरता और विश्व कल्याण की एक महान जीवनशैली है। जब व्यक्ति अपने भीतर के बंधनों को तोडक़र आत्मबोध की यात्रा पर निकलता है, तभी नाथ योग का वास्तविक स्वरूप प्रकट होता है। हमें इस परम्परा को केवल शारीरिक कसरत तक सीमित करने की भूल नहीं करनी चाहिए। डॉ. श्रेयांश द्विवेदी ने संस्कृत और आयुर्वेद की महत्ता पर कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवनशैली का नाम है। हमें आयुर्वेद को प्रचारित करने के लिए संस्कृत भाषा को अपनाना ही होगा, क्योंकि इसके मूल ग्रन्थ संस्कृत में ही हैं। यदि हम संस्कृत को भूलते हैं, तो आयुर्वेद का विशाल ज्ञान भी लुप्त हो जाएगा। हमें संकल्प लेना होगा कि इस दिशा में नवाचार और प्रयोग कर इसे जन-जन तक पहुंचाए।



**रोहतक।** प्रदर्शन करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

# रोडवेज वर्कर्स यूनियन बैठक में उठाईं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने सोमवार को नूंह डिपो में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गेट मीटिंग का आयोजन किया। इस मीटिंग की अध्यक्षता राज्य उपप्रधान जयकुंवर दहिया ने की, जबकि संचालन डिपो नेता जयसिंह चौहान ने किया।गेट मीटिंग के दौरान यूनियन नेताओं जयकुंवर दहिया, जयसिंह चौहान और सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान ईललयाश खान ने बताया कि डिपो कर्मचारियों को कार्य करते समय कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को लेकर डिपो महाप्रबंधक के नाम मुख्य निरीक्षक अशोक कुमार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है। यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समयबद्ध समाधान नहीं किया गया तो यूनियन आंदोलन करने को मजबूर होगी। धरना-प्रदर्शन सहित किसी भी प्रकार का आंदोलन किया जा सकता है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी डिपो प्रशासन की होगी। मीटिंग में सैकड़ों की संख्या में रोडवेज कर्मचारी उपस्थित रहे और एकजुटता के साथ अपनी मांगों को मजबूती से उठाया। बसों की चेकिंग और ग्रीसिंग के लिए दो रैंप (डग) बनवाए जाएं।कर्मशाला व बस स्टैंड पर आरओ सिस्टम लगवाया जाए ताकि पीने का साफ पानी मिल सके। चालक व परिचालकों को दो वर्षों से लंबित रात्रि भत्ते का भुगतान किया जाए।

### यह है मुख्य मांगें

एचकेआरएन व आईटीआई से नियुक्त कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जाए। सभी बसों में ई-टिकट मशीन चार्जिंग के लिए चार्जर लगाया जाए। कर्मशाला में शौचालय व स्नानघर की स्थिति सुधारी जाए। इंजन व गियरबॉक्स उतारने हेतु चेन कुपी व आवश्यक टूल्स की व्यवस्था हो। कर्मशाला में डीजल पंप व बस रिपेयरिंग स्थल पर शेड बनाया जाए। साफ-सफाई के लिए कर्मशाला में साबुन उपलब्ध कराया जाए। स्टोर में स्पेयर पार्ट्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कर्मशाला के कमरों की मरम्मत करवाई जाए।

# विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर निगमायुक्त की अफसरों संग बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को नगर निगम कार्यालय में तकनीकी शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आयुक्त डॉ. शर्मा ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि जिन कार्यों के कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी विकास कार्यों की निरंतर निगरानी जरूरी है।बैठक में सौंदर्यकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र के चौक-चौराहों और पार्कों के सौंदर्यकरण की ठोस कार्य योजना तैयार की जाए, जिससे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाए, कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और निर्धारित समयावधि में कार्य पूरे किए जाएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, नवीन कुमार धनखड़, सुरेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता शांत सुहाग, सुनील शर्मा, सत्यव्रत, तरुण कुमार और वीरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**रोहतक।** विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

# बैठक में अफसरों को डीसी ने दिए निर्देश, जिले में वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए भूमि की करें पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए भूमि की पहचान करें तथा वन विभाग के माध्यम से पौधारोपण करवाए। वन विभाग द्वारा पंचायतों व अन्य संबंधित विभागों को निशुल्क पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। वन विभाग पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित करें तथा स्कूलों में पौधागिरी कार्यक्रम के तहत पौधे लगवाए जाए। सिंह लघु सचिवालय स्थित सभागार में पौधा रोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर निगम, एचएसआईआईडीसी, अन्य विभाग तथा ग्राम पंचायतें ऐसी भूमि की पहचान करें जहां पर पौधारोपण किया जा सकता है। ऐसे विभाग व ग्राम पंचायतें वन विभाग को पौधों की मांग करें तथा पौधारोपण करवाकर इन पौधों की देखरेख भी करें ताकि जिला में निरंतर कम हो रहे वन क्षेत्र को बढ़ाया जा सके।

डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा पौधों के संरक्षण के लिए 75 वर्ष पुराने पौधों को पेंशन दी जा रही है। यह पेंशन पौधे के मालिक को दी जाती है। लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा प्राचीन पेड़ों का संरक्षण किया जा सके।उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जलेबी चौक पर पौधारोपण करवाए। इसके अलावा ग्रीन बेल्टों में भी मियावाकी पौधे लगवाए जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण कर फार्म हाऊस विकसित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें तथा ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण करवाए। वन विभाग द्वारा जिला में 7 नर्सरियों में लगभग 4 लाख पौधे तैयार किए गए हैं।




**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में पौधा रोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

बैठक में सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला वन अधिकारी वीरेंद्र गिल, जिला नगर योजनाकार सुमनदीप, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोहताश सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** सैनिक दिनेश मलिक का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### बहादुरी का अवार्ड लेकर लोटे जवान

सांपला। जम्मू कश्मीर में सिंदूर ऑपरेशन के दौरान बहादुरी का परिचय देने वाले गांधरा गांव के सैनिक पहलवान दिनेश मलिक का मंगलवार को लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। आपरेशन में उन्होंने साहस का परिय दिया। उन्हें सेना की तरफ से डीजी अवार्ड मिला है। दिनेश मलिक बीएसएफ में सेवा दे रहा है। हाल में उसकी ड्यूटी सांबा बॉर्डर पर है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के खात्मे को को लेकर सेना द्वारा चलाए गए सिंदूर ऑपरेशन में दिनेश मलिक ने एक बहादुर का परिचय दिया। दिनेश मंगलवार को छुट्टी लेकर घर लौटा। इसका लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उनके सम्मान में पहलवान जयकुवार, संजय कुमार , श्याम, दीपक आदि उपस्थित थे।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय के सपने को साकार कर रही सरकार : रणबीर ढाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव चमारियां की पंचायत सरपंच प्रतिनिधि स्वराज हुड्डा के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय पहुंची और पिछले ढाई महीने से लंबित गांव में फैले हुए अतिक्रमण और अवैध कब्जों को हटवाने की मांग को कुछ ही घंटों में प्रशासन से पूरी करवाने पर जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका का सम्मान पगड़ी पहना कर किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि स्वराज हुड्डा ने कहा कि हम पिछले काफी समय से इस कार्य के लिए प्रशासन के चक्कर काट रहे थे लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा था लेकिन जब वे इस विषय पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका से मिले तो उन्होंने महज कुछ ही समय में जिला प्रशासन से बात करके ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाया और पुलिस प्रशासन से सहयोग लेकर कब्जा करवाने का काम शुरू करवा दिया। ग्रामीणों द्वारा किए स्वागत सत्कार से अभिभूत जिलाध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका ने सबका अभिवादन स्वीकार किया।



**रोहतक।** जिलाध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका का स्वागत करते गांव चमारियां की पंचायत सरपंच प्रतिनिधि स्वराज हुड्डा व अन्य ग्रामीण।

# सरकार ने 12 कॉलोनियों को किया नियमितः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने शहर की 12 अनुमोदित कॉलोनियों को नियमित करने के लिए हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय रोहतकवासियों के लिए एक राहतकारी कदम है और सरकार द्वारा जनता की मांगों को गंभीरता से लेने का प्रमाण है।

मनमोहन गोयल ने बताया कि बीते दिनों रोहतक के नागरिकों ने हरियाणा सरकार से कुल 80 अनुमोदित कॉलोनियों को अनुमति देने की अपील की थी, जिनमें से पहले ही 9 कॉलोनियों को अनुमोदन दिया जा चुका है। अब सरकार द्वारा जिन 12 कॉलोनियों को अनुमति प्रदान की गई है। इनमें संजय कॉलोनी, आजाद गढ़ एक्सटेंशन -2, सूर्य नगर पार्ट-4, राम गोपाल कॉलोनी, एकता कॉलोनी एक्सटेंशन -2 (कन्हेली), बाबा बालकनाथ कॉलोनी, पिंजरापोल नगर, विशाल नगर, अग्रसेन कॉलोनी, राजेंद्र कॉलोनी , कुंज विहार (सुनारिया कलां), सूर्य नगर पार्ट-4 शामिल हैं। पूर्व मेयर ने सरकार से आग्रह किया है कि शेष बची हुई अनुमोदित कॉलोनियों को भी शीघ्र अनुमोदन प्रदान किया जाए, जिससे वहां के निवासियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो और हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंच सके।



**रोहतक।** पूर्व मेयर मनमोहन गोयल।

## आधुनिक भारत के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री की अहम भूमिका

# पंडित नेहरू की दूरदर्शिता आज भी हमारे लोकतंत्र की दिशा तय करती है : बत्तरा

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कांग्रेस के विधायक भारत भूषण बत्तरा ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने एक आधुनिक, समावेशी और प्रगतिशील भारत की नींव रखी। स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले पंडित नेहरू स्वतंत्र भारत के वास्तविक शिल्पकार थे। बत्तरा आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आज कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं को संबोधित कर रहे थे। बत्तरा ने कहा कि वे एक महान नेता थे, एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लोकतंत्र की स्थापना करने में लगाया। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता और संविधान की नींव रखते हुए भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। बत्तरा ने कहा कि उन्होंने देश को बुलंदियों तक ले जाने का न केवल सपना देखा बल्कि उसे साकार भी करके दिखाया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतंत्र के वास्तविक मूल्य को स्थापित किया, उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य ,खाद्यान्न, कृषि एवं विज्ञान सभी क्षेत्र के विस्तार के लिए दूरदर्शिता का परिचय दिया, जिसका लाभ आज तक देश को मिल रहा है। बत्तरा ने कहा कि कश्मीर अगर आज भारत का अभिन्न अंग है तो इसका पूरा श्रेय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को जाता है। ऐसी महान शख्सियत के मूल्य सदैव हम सब का मार्गदर्शन करते रहेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता चक्रवर्ती शर्मा ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग आज भले ही पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में झूठ फैला रहे हो लेकिन लोग सच जानते हैं।



**रोहतक।** कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते विधायक भारत भूषण बत्तरा व अन्य।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व पार्षद गुलशन इश्पुनियानी, कदम सिंह अहलावत, पार्षद विजय गोयल, सूरजमल किलोई, सुरेन्द्र बत्रा, मनमोहन आजाद, देवेंद्र भारत, संजय दलाल, शमशेर पांचाल, लाला परमार, राज बहादुर, कुलदीप मलिक, तारा चंद बागड़ी, विजय ठेकेदार, वजीर ओहल्यान, अनिल नागपाल, संजय सिंगला, नरेंद्र गोच्छी, महिला जिला अध्यक्ष निर्मल बल्हारा, मुकेश श्योराण, धनपति हुड्डा, गीता भारती, सुनीता मोहन, सुदेश हुड्डा, सुशीला रानी, सुरेश रानी आदि रहे।

### हवन यज्ञ कर मिट्टी के संरक्षण के लिया संकल्प

**सांपला।** कंसाला गांव में भूमि सुपोषण को समर्पित हवन यज्ञ किया गया। इस धार्मिक और पर्यावरणीय पहल का उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने, रासायनिक प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति में किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हवन में भूमि माता को पूजित कर मिट्टी की शुद्धि और पोषण हेतु आहुतियां दी गईं। जय भारत मंच प्रांत महामंत्री संदीप कंसाला ने भूमि सुपोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध किसान और सुरक्षित भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कृषि पद्धतियों और जैविक उपायों को अपनाकर हम भूमि की प्राकृतिक संरचना को पुनर्जीवित कर सकते हैं।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

### गोहाना-जींद रोड पर सोमवार देर रात 9 से 10 राउंड फायरिंग

# बदमाशों और सीआईए के बीच मुठभेड़, चार बदमाश घायल

**आरोपियों ने 20 मई को महम बस स्टैंड के पास सोमबीर के शराब ठेके पर फायरिंग कर सेल्समैन को गोली मारने का प्रयास किया था और सेल्समैन को धमकी भी दी थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




रोहतक। मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी व एफएसएल टीम डॉ. सरोज दहिया। फोटो : हरिभूमि

गोहाना-जींद रोड पर सोमवार की देर रात बाइक सवार बदमाशों और सीआईए-2 के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में करीब 9 से 10 राउंड फायरिंग हुई, जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। वहीं, मंगलवार को गांव बहु-अकबरपुर के पास आउटर पर पुलिस की सीआईए-1 टीम और बदमाशों मुठभेड़ हुई। जिसमें दो बदमाश के गोली लगने से घायल हो गए। चारों बदमाशों का पीजीआई के ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। उपचार के बाद सीआईए की टीम बदमाशों ने पूछताछ करेगी।बता दें कि सोमवार की रात मुठभेड़ में घायल बदमाशों की पहचान गांव पोलंगी निवासी पूरण और गांव खरैंटी निवासी अमन के रूप में हुई।

आरोपियों ने 20 मई को महम बस स्टैंड के पास सोमबीर के शराब ठेके पर फायरिंग कर सेल्समैन को गोली मारने का प्रयास किया था और सेल्समैन को धमकी भी दी थी। साथ ही बहु-अकबरपुर के पास पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाशों की पहचान गौरव निवासी नांगल भिवानी और राहुल निवासी भिवानी के रूप में हुई। दोनों घायलों का ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है।

## रात करीब एक बजे मुठभेड़

पुलिस व बदमाशों के बीच रात करीब 1 बजे के आसपास मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से करीब 15 मिनट तक 9 से 10 राउंड फायरिंग हुई, जिसके बाद बदमाशों के पैर में गोली मारकर काबू किया। दोनों घायलों का ट्रोमा सेंटर में इलाज चल रहा है।



रोहतक। पीजीआई में उपचाराधीन आरोपित। फोटो : हरिभूमि

## सीआईए-1 पर बदमाशों ने फायरिंग की शुरू

सीआईए-1 टीम को सूचना मिली कि गांव बहु-अकबरपुर के पास आउटर पर खेत में बने एक कमरे में दो आरोपी छुपे हुए है, जिन्हें गांव मदीना में कोई काम है और रात होने का इंतजार कर रहे है। इसी सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। जब टीम उन्हें पकड़ने के लिए आगे बढ़ रही थी तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस की तरफ से भी फायरिंग की गई, जिसमें दोनों बदमाशों को गोली लगी और वो घायल होकर गिर गए।

*मुठभेड़ के बाद पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। उनका किसी गैंग के साथ संबंध है या नहीं, यह जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।*

*-सतीश कुमार*
*सीआईए-2 प्रभारी*

## आरोपी अमन पर 4 व पूरण पर 2 केस दर्ज

सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस वांछित अपराधियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गोहाना जींद रोड पर दो बदमाश बाइक से शहर की तरफ आ रहे हैं, जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। आरोपी अमन पर 3 से 4 केस दर्ज हैं, जबकि पूरण पर 2 केस दर्ज हैं। आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। पुलिस मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ भी कर रही है, ताकि किसी गैंग के साथ इनका संबंध तो नहीं है।

## सुभाष रोड पर दिया था फायरिंग को अंजाम

पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए दोनों बदमाशों ने कुछ दिन पहले ही सुभाष रोड पर वीर मोटर्स की दुकान के बाहर फायरिंग की थी। इसके बाद कई अन्य वारदातों को भी अंजाम दिया था। बदमाशों की गांव मदीना में क्या रिश्तेदारी है, इसके बारे में पुलिस जांच कर रही है।

# राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में हुआ मिशन बुनियाद-बैच-4 का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में मिशन बुनियाद-बैच-4 का उद्घाटन हुआ, जो एक प्रमुख शैक्षणिक पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों की मूलभूत क्षमताओं को मजबूत करना और उन्हें आगे की प्रतिस्पर्धी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। यह कार्यक्रम बहुत उत्साह और उद्देश्य की मजबूत भावना दर्शाते हुए पौधरोपण के साथ आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य संदीप नैन रहे।

संदीप नैन ने कहा कि भविष्य को आकार देने में आधारभूत शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में मिशन बुनियाद टीम के निरंतर प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को बुनियाद समन्वयक रामबीर और निकिता की समर्पित देखरेख में कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया।

सांपला ब्लॉक के विभिन्न गांवों के छात्रों ने मिशन बुनियाद के अंतर्गत दाखिला प्राप्त किया जो कि इस प्रकार है गढ़ी सांपला से देविका, खरावर से दीपिका, सांपला से अंशू, गिझी से दिव्या, दत्तौर से रितिका, अटायल से गौतम, इस्माइला से सिद्धार्थ और कमल, हसनगढ़ से जतिन, नया बांस से रिंकू, दत्तौर से जितेन रहे। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि, समन्वयकों, शिक्षकों और छात्रों को मिशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। मौके पर डॉ. पुरुषोत्तम, भारती, शालिनी, मोहन, प्रशांत आदि मौजूद रहे।



## शमशेर देशवाल ने सुपरिटेंडेंट का संभाला कार्यभार

**रोहतक।** जिला शिक्षा कार्यालय रोहतक में सुपरिटेंडेंट के पद पर शमशेर देसवाल ने कार्यभार संभाला है। अब कार्यालय में रुके हुए कार्यों को रफ़्तार मिलेगी। देशवाल डाइट माछरोली, झज्जर से ट्रांसफर होकर आए हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, डिप्टी डीईओ राजबाला, खंड शिक्षा अधिकारी रोहतक जय भगवान, पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी सत्यवान ढुल, मॉडल संस्कृति सांपला के प्राचार्य संदीप नैन, प्राचार्य राजेश, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र मलिक इत्यादि मौजूद रहे।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्वयम परीक्षा आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने स्टडी वेब्स ऑफ़ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयम) पाठ्यक्रमों के गत 2025 सत्र की परीक्षा की सफलतापूर्वक शुरुआत 'एडवरटाइजिंग एंड मीडिया' विषय की परीक्षा के साथ की। यह परीक्षा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा संस्थानों में क्रेडिट ट्रांसफर की प्रणाली को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय के स्वयम नोडल ऑफिसर डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि स्वयम क्रेडिट ट्रांसफर नियमों को अपनाते हुए छात्रों के लिए विश्वविद्यालय परिसर में ही स्वयम परीक्षा का आयोजन किया है। विश्वविद्यालय ने न केवल इस दिशा में पहल की, बल्कि डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से उच्च शिक्षा को सुलभ, लचीला और गुणवत्तापूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




# एचडी पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ाने व राष्ट्रभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए 'नशे से दूर रहे' तथा मिशन सिंदूर' विषयों पर आधारित अंतरसदनीय पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, सामाजिक जागरूकता को बढ़ाना और राष्ट्रीय प्रेम की भावना को जागृत करते हुए शहीदों के बलिदान के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करना था। छात्रों ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से इन संवेदनशील विषयों पर

प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। पोस्टरों में नारे, रंगों और प्रतीकों का रचनात्मक उपयोग करते हुए विद्यार्थियों ने समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता का संचालन कला शिक्षकों प्रदीप एवं नीरज की देखरेख में हुआ। निर्णायकों द्वारा रचनात्मकता, विषय-वस्तु की प्रस्तुति और संदेश की स्पष्टता के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। कक्षा छठीं से आठवीं श्रेणी में पन्ना सदन के हर्षित ने प्रथम, पुखराज सदन के वंश ने द्वितीय, नीलम सदन की आशिमा ने तृतीय और मूंगा सदन के वंशु ने सांत्वना पुरस्कार जीते। कक्षा नौवीं से बारहवीं श्रेणी में पुखराज सदन की अदिति ने प्रथम, मूंगा सदन की गरिमा ने द्वितीय, नीलम सदन की मुस्कान रोज ने तृतीय और पन्ना सदन की कल्पना ने सांत्वना पुरस्कार जीते। प्राचार्य दुलाल देब ने विजेताओं को बधाई दी। निदेशक सुरेंद्र फौगाट एवं शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फौगाट ने भी कार्यक्रम की सराहना की और विद्यार्थियों को भविष्य में इसी तरह सामाजिक विषयों पर सोचने और कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



## आर्य ग्लोबल स्कूल के 12 छात्रों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अमच्योर रोप स्किप्पिंग एसोसिएशन हरियाणा द्वारा जिला स्तरीय रस्सा कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें द आर्यन ग्लोबल स्कूल के खिलाडियों ने बढ़-चढ़ के भाग लिया। प्रतियोगिता में द आर्यन ग्लोबल विद्यालय के छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित कर लिया। इस प्रतियोगिता में रोहतक के जाने माने स्कूलों ने भाग लिया। विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने रजत और कांस्य पदक जीते।

इनमें संजीव, खुशी, दिव्यजोत, दक्षिता और प्रिंस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा शौर्य, शिव, प्रदीप, मीनल, सोनम, रवीश और हैप्पी ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने स्पोर्ट्स कोच दुर्गा व सभी विजेताओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गुरुकुल विश्वभारती में खेल महोत्सव का आयोजन

- छात्रों ने खेलों में उत्साह से भाग लिया और अपनी टीम भावना तथा खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। रेस में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

भैयापुर-लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में मंगलवार को खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल के निदेशक आचार्य नंदकिशोर ने किया। इन्होंने छात्रों को विभिन्न खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। महोत्सव की शुरुआत वैदिक मंत्रों के उच्चारण और योगाभ्यास से हुई। जिसने पूरे वातावरण में ऊर्जा और अनुशासन का संचार किया। इसके बाद, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें दौड़, कबड्डी, खो-खो, मल्लखंभ और रस्साकशी जैसे प्रमुख खेल शामिल थे। छात्रों ने इन खेलों में उत्साह से भाग लिया और अपनी टीम भावना तथा खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। आचार्य नंदकिशोर ने कार्यक्रम में खेलों के माध्यम से अनुशासन, समर्पण और सहयोग की भावना को विकसित करने का महत्व बताया। उन्होंने यह भी कहा कि शारीरिक गतिविधियां न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये व्यक्तित्व विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर गुरुकुल निदेशक आचार्य नंदकिशोर, प्राचार्य संजय कौशिक सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**बैठक** सैनिकों व शहीदों को समर्पित रहेगा राज्यस्तरीय समारोह

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव में रोहतक की रहेगी अहम भागीदारी : सहकारिता मंत्री

- भाजपा संगठन पदाधिकारियों व शहर की सरकार के साथ कैबिनेट मंत्री ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का स्वागत करते नगर निगम महापौर राम अवतार वाल्मीकि,विभिन्न वार्ड पार्षद व अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्थाएं रोहतक के तीसरे कैम्पस पहरावर में आयोजित होने जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राज्य स्तरीय समारोह में रोहतक की अहम भूमिका रहने वाली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर प्रदेश को विकास की राह पर आगे बढ़ा रहे हैं। सन्त-महापुरुषों की जयंतियों की कड़ी में रोहतक पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया जाएगा, क्योंकि उन्होंने 50 साल बाद संस्था के तीसरे कैम्पस की शुरुआत कर रहे हैं।

सोमवार सुबह सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, नगर निगम महापौर राम अवतार वाल्मीकि, संगठन पदाधिकारियों, नगर पार्षदों व पार्षद प्रतिनिधियों के साथ मैना टूरिस्ट काम्प्लेक्स में बैठक की, जिसमें शुक्रवार को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि पहरावर में रोहतक की सबसे अहम भागीदारी होगी। वर्ष 1904 से गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तहत शैक्षणिक संस्थाओं से 36 बिरादरी के युवाओं को शिक्षा लेकर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। रोहतक, सोनीपत, झज्जर, भिवानी, पानीपत, जींद जिलों में आमजन का बड़ा झुकाव संस्था की ओर रहा है। इसी संस्था के तीसरे कैम्पस पहरावर में 30 मई को ऐतिहासिक व भव्य आयोजन होने जा रहा है, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे, जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली अध्यक्षता करेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने वार्डों में, गांव में, कालोनी में आमजन को निमंत्रण दे, क्योंकि रोहतक का इस आयोजन में विशेष योगदान रहने वाला है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से रोहतक के विकास एवं शैक्षणिक विस्तार के हिसाब से बड़ा लाभ मिलेगा।

## कोरोना संक्रमण को लेकर सतर्क सरकार

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने पत्रकारों द्वारा बढ़ते कोरोना संक्रमण पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश कोरोना संक्रमण की स्तिथि पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैरिएंट उतना खतरनाक नहीं है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग स्तर पर न केवल तैयारियां है, अपितु उनके द्वारा आमजन के लिए दिशा-निर्देश भी स्पष्ट हैं।

*ये रहे मौजूद:* मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, नगर निगम महापौर राम अवतार वाल्मीकि, हरियाणा कुश्ती संघ के प्रधान रमेश बोहर, रोहतक कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन हरीश कौशिक, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक नागपाल, मण्डल अध्यक्ष मनीष शर्मा, अमित मग्गू, लौकी सहगल, कपिल खत्री, अशोक खुराना, नगर पार्षद प्रवीण कौशिक, अनिता मिगलानी, कपिल नागपाल, कृष्णा देवी, सुशील नांदल, दीपक जैन, मनीषा, बेबी रोहिल्ला, रिम्पी देवी, राजेश बलियाना, धर्मबीर फौजी, कर्मबीर, सुखबीर चंदेलिया आदि उपस्थित रहे।

## एक महीने पहले वार्ड 12 की गली को तोड़ा, नई गली बनने का इंतजार कर रहे वार्डवासी

**महम।** नगर पालिका द्वारा कस्बा महम के वार्ड 12 में ब्राह्मण धर्मशाला के पास एक गली का निर्माण किया जाना था। एक माह पूर्व उस गली को तोड़ दिया गया था। लेकिन गली से मलबे को नहीं उठाया जा रहा था। जिस वजह से वार्डवासी काफी परेशान थे। मंगलवार को वार्ड पार्षद बजरंग दास गोयल ने इस मुद्दे को उठाने के लिए मीडिया से संपर्क किया, तो इसकी जानकारी नगर पालिका अधिकारियों को लग गई। भनक लगते ही अधिकारियों ने वहां पर जेसीबी मशीने भेज दी और मलबे को उठाने का काम शुरू कर दिया गया। पार्षद का आरोप है कि शहर में जिन गलियों की हालत अच्छी है, उन गलियों को तोड़कर नया बनाया जा रहा है। जबकि टूटी हुई गलियों का निर्माण कार्य रोक रखा है। उनके वार्ड की इस गली का काम भी एक महीने से अटका हुआ है। पार्षद बजरंग दास ने प्रशासन से गली का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग की है।



महम। तोड़ी गई गली को दिखाते वार्ड 12 के नागरिक और उनके साथ मौजूद पार्षद बजरंग दास गोयल।